बाबा तेरा खाटू बड़ा प्यारा | by Sanjay Pareek

बाबा तेरा खाटू बड़ा प्यारा देखा है नज़ारा आके यहाँ रे
ऐसा कोई दूजा नहींद्वारा कहे जग सारा आके यहाँ रे
बाबा तेरा खाटू बड़ा प्यारा देखा है नज़ारा आके यहाँ रे

जी करता है इस नगरी की गलियों में रम जाऊं
खाटू की पावन धरती पर दुनिया एक बसाऊं
नित नए भजन सुनाऊँ श्याम को रिझाऊं आके यहाँ रे
बाबा तेरा खाटू बड़ा प्यारा देखा है नज़ारा आके यहाँ रे

तेरी शरण में जो भी आया उसको तू तारेगा
तेरा भरोसा कर लिया जिसने वो कैसे हारेगा
उसको मिल गया सहारा दिल से जो पुकारा आके यहाँ रे
बाबा तेरा खाटू बड़ा प्यारा देखा है नज़ारा आके यहाँ रे

अमृत का है कुंड यहाँ पर डुबकी जो भी लगाए
तन पावन हो उस प्रेमी का मन निर्मल हो जाए
तेरे भजनो पे सब झूमे चरणों को है चूमे आके यहाँ रे
बाबा तेरा खाटू बड़ा प्यारा देखा है नज़ारा आके यहाँ रे

स्वर्ग सा आनंद मिलता यहाँ है तेरी कृपा बरसती
इस मस्ती को पाने को है दुनिया सारी तरसती
संजय भी है यहाँ आता शीश है झुकाता आके यहाँ रे
बाबा तेरा खाटू बड़ा प्यारा देखा है नज़ारा आके यहाँ रे

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ac%e0%a4%be%e0%a4%ac%e0%a4%be-%e0%a4%a4%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a4%be-%e0%a4%96%e0%a4%be%e0%a4%9f%e0%a5%82-%e0%a4%ac%e0%a4%a1%e0%a4%bc%e0%a4%be-%e0%a4%aa%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%b0/